an>

Title: Need to modernize Sanskrit Vidyalayas in the country.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : अध्यक्ष महोदया, शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय को उठाने की अनुमति देने के लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। महोदया, वर्ष 2014-15 के बजट में माननीय वित्त मंत्री ने देश के मदरसा शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो एक स्वागत योग्य कदम है। इस कार्य के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ। इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री से मांग करता हूँ कि देश की संस्कृत पाठशालाओं को पुनर्जीवित कर उनका आधुनिकीकरण करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज देने की अविलंब घोषणा करें। देश में संस्कृत पाठशालाओं की स्थिति दयनीय है। उनके भवन खस्ताहाल हैं। वर्षों से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही है । जो शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें महीनों तक वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। संस्कृत हमारी संस्कृति की मूल है। यह देवभाषा है। यह प्राचीन होने के साथ साथ आधुनिक और वैज्ञानिक भी है तथा कंप्यूटर के माध्यम से शोध करने के लिए सर्वथा उपयुक्त भी है। यही कारण है कि अमेरिका की सर्वोच्च वैज्ञानिक संस्था 'नासा' में इस भाषा पर शोध-कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही इंग्लैंड, यूरोप के अलावा दुनिया के अनेक विकसित देशों में इस पर शोध कार्य चल रहा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अपने ही देश में यह भाषा मरणासन्न पड़ी हुई है। यूपीए की सरकार ने तो इस भाषा को पूरी तरह से समाप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ...(व्यवधान)